सांवरिया सरकार | By Radhika Sharma

लेकर के अवतार ज़रा अब जल्दी आ जाओ
सांवरिया सरकार .....
जहाँ भी देखो आज वहीँ पे छाया सन्नाटा
दुखी हुआ संसार .....

फैली है दुनिया में कैसी ये बीमारी
सब कैद हैं घर में देखो ये लाचारी
जहाँ भीड़ हमेशा रहती थी वहां कोई नहीं दिखता
ऐसी कोरोना की मार .....
सांवरिया सरकार .....

अब और दु:ख बाबा हम सेह ना पाएंगे
तुम से जुदा होकर हम रह ना पाएंगे
क्यों रूठ गए हमसे बाबा जो बैठ गए करके
मंदिर के बंद द्वार.....
सांवरिया सरकार .....

तेरे भीम सेन को तो विश्वास है तुम पर
इतनी सी कृपा बस कर देना हम सब पर
हर भक्त तेरा खुशहाल हो ये विनती राधिका की
कर लेना स्वीकार .....
लेकर के अवतार ज़रा अब जल्दी आ जाओ
सांवरिया सरकार .....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%82%e0%a4%b5%e0%a4%b0%e0%a4%bf%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%b8%e0%a4%b0%e0%a4%95%e0%a4%be%e0%a4%b0-by-radhika-sharma/